# चीनी पर लगेगा दस फीसद आयात शुल्क

नई दिल्ली, प्रेट्र : देश में चीनी के मांग से ज्यादा उत्पादन को देखते हुए सरकार ने इसके आयात पर 10 फीसद आयात शुल्क लगाने का फैसला किया है। चीनी आयात पर शून्य आयात शुल्क व्यवस्था की समयसीमा 30 जून को समाप्त होने के बाद खाद्य मंत्रालय ने इस बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया था।

खाद्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वित्त मंत्रालय ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसके लिए अधिसूचना जल्द ही जारी की जाएगी। चीनी आयात पर शुल्क की यह दर ज्यादा नहीं है। इससे चीनी की कमी होने पर कारोबारी इसका आयात कर सकते हैं। इस शुल्क से देश में चीनी की आपूर्ति पर असर नहीं पड़ेगा, क्योकि इस साल उत्पादन मांग से ज्यादा होने से इसका निर्यात किया जा रहा है। विपणन वर्ष 2011-12 (अक्टूबर-सितंबर) में चीनी उत्पादन 260 लाख टन रहने का अनुमान है।

